श्री बंशीधर नगर, बुधवार
12.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष त्रयोदशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 195



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:06 बजे
अस्त - 06:04 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 37 डिग्री से.
न्यूनतम : 19 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

बंशीधर महोत्सव की प्रशासनिक तैयारी शुरू >> पेज 03 शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी पहली बार साथ >> पेज 04

## सुविचार

जिंदगी की किताब कितनी भी पुरानी क्यों न हो, यादों के पन्ने वैसे ही रहते हैं

## न्यूज अपडेट्स

### झारखंड में इस बार होली में पड़ेगी गर्म, आज से बढ़ेगा पारा

रांची। झारखंड में इस बार होली में गर्मी अधिक होगी। होली के आसपास तापमान सामान्य से चार-पांच डिग्री अधिक रहेगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार होली के आसपास एंटी साइक्लोन की स्थिति बन रही है। इसकी वजह से तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। तापमान में बुधवार से बढोत्तरी होने लगेगा। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और धूप में तल्खी महसूस की गई। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री, जमशेदपुर में 35.3, डालटनगंज 35.7 और बोकारो में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### शादी समारोह से लौट रहे तीन युवकों की मौत

रांची। झारखंड की राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में मंगलवार को एक स्कार्पियो ने खड़े ट्रक में टक्टर मार दी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। मृतकों में बरिष्ठ भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल है। इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम (जमशेदपुर) सुजीत कुमार सिंकू(20), पृथ्वी कुमार सहदेव (17) और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा (25) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार अलसुबह करीब 03 बजे जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये।

**आतंक का खात्मा** रायपुर से रांची लाने के क्रम में पलामू में किया भागने का प्रयास, मुठभेड़

# कुख्यात अमन साहू ढेर

### घटनास्थल पर पहले से मौजूद थे गैंगस्टर के गुर्गे

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** मुठभेड़ में मारे गये झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव को अपराधियों ने छुड़ाने की कोशिश की थी। इसी साजिश के तहत एटीएस के काफिले पर हमला किया गया। इस हमले में एटीएस के टीम पर बम फेंका गया और फायरिंग की गयी। बम फेंकने से पहले गाड़ी के आगे बांस के पेड़ भी फेंके गये थे। पेड़ फेंके जाने के बाद बम फेंका गया। इसी दौरान गैंगस्टर अमन साव एटीएस के एक जवान का रायफल छीनकर भाग रहा था। उसने गोली भी चलायी जो एटीएस के हवलदार राकेश कुमार को लगी है।





जवाबी कार्रवाई में गैंगस्टर अमन साव मौके पर ही मारा गया। जिस अंधारी ढोढ़ा के पास एटीएस और अमन साव गिरोह के बीच एनकाउंटर हुआ है, वह चारों तरफ से जंगल से घिरा हुआ है। करीब आधे घंटे तक एनकाउंटर चली है, जिसमे अमन मारा गया। उसकी लाश के पास से पुलिस से लूटा गया इंसास रायफल भी बरामद किया गया है। अमन साव झारखंड में एनआइए के कई मामलों में वांटेड है। एनआईए के मामले में ही अमन साव को छत्तीसगढ़ के रायपुर से झारखंड लाया जा रहा था। एटीएस को अमन साव को झारखंड लाने की जिम्मेदारी थी। एटीएस की टीम अमन साव को रायपुर से पलामू के रास्ते झारखंड लाया जा रहा था। इसी क्रम में पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारी ढोढा और कुटी मोड़ के बीच एटीएस के काफिले पर हमला हुआ और बम फेंका गया था। जिसमें एटीएस का एक जवान भी जख्मी हुआ है। जख्मी जवान को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। जिस जगह पर एटीएस पर हमला हुआ है वहां से पुलिस ने मौके से दो जिंदा बम बरामद किया है।

पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। रामगढ़ और चैनपुर जाने वाले रास्ते को ब्लॉक कर दिया गया है। मौके पर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन समेत कई आला पुलिस अधिकारी कैंप कर रहे हैं। जिंदा बम को नष्ट करने के लिये रांची से बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है। अमन साव को एटीएस के डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड लाया जा रहा था। प्रमोद कुमार सिंह पहले भी पलामू के चैनपुर कि इलाके में तैनात रहे हैं और कई नक्सली एवं अपराधियों के खिलाफ मुठभेड़ की घटना में शामिल रहे हैं। एटीएस की टीम तीन स्कॉर्पियो गाड़ी पर थी।

### अपराध की दुनिया में कम उम्र में कदम रखने वाले अमन साव का चैप्टर क्लोज



रांची। अपराध की दुनिया में कम उम्र में बादशाहत कायम करने का शौक पालने वाले कुख्यात अपराधी अमन साव मंगलवार को पुलिस मुठभेड़ की भेंट चढ़ गया। पलामू पुलिस के अनुसार अमन साव को सुबह करीब 09:30 बजे आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) सेंट्रल जेल रायपुर से एनआईए कोर्ट रांची में पेशी के लिए सेंट्रल जेल होटवार ला रही थी। इसी दौरान पलामू के चैनपुर थाना और रामगढ़ थाना की सीमा पर चैनपुर अंधारी ढोढा घाटी में जंगल का फायदा उठाते हुए अमन साव के गुर्गों ने अमन साव को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने का प्रयास किया। गुर्गों ने इस दौरान पुलिस पर बम फेकते हुए फायरिंग की। इसी बीच अफरा तफरी का फायदा उठाते हुए अमन साव एक जवान का हथियार छिन कर गाड़ी से उतर कर फायरिंग करते हुए भागने लगा। इसी क्रम में एक जवान के जांघ में गोली लगी, जिसका इलाज नजदीकी अस्पताल में कराया जा रहा है। इसके बाद एटीएस की स्कॉर्ट पार्टी ने आत्मरक्षा में जबाबी कार्रवाई की , जिसमें अमन साव मारा गया। पुलिस के अनुसार अमन के शव के पास खोखा एवं जिन्दा कारतूस, जिन्दा बम एवं फटे बम का अवशेष पड़ा हुआ पाया गया है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर टीम गठित कर सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए विशेष जांचकर्ता सह पुलिस निरीक्षक सुरेश राम को सौपा गया है।

#### लॉरेंस को करता था गुर्गों की सप्लाई

हत्या, रंगदारी, अपहरण और लूटपाट को अंजाम देने वाले अमन साव का लॉरेंस विश्नोई को गुर्गों की सप्लाई करता था और बदले में लॉरेंस उसे स्वचालित हथियार उपलब्ध कराता था। 150 से अधिक मामलों में अमन साव आरोपित था।

#### तीन राज्यों में था अमन का साम्राज्य

झारखंड का कुख्यात अमन का झारखंड ही नहीं छत्तीसगढ और ओड़िशा तक फैला साम्राज्य फैला हुआ था। अमन का गैंग छत्तीसगढ़ में भी सक्रिय था। उस पर छत्तीसगढ़ में भी कई मामले दर्ज थे।

### झारखंड को अपराध मुक्त बनाना है : डीजीपी

रांची। झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने कहा कि झारखंड को अपराध मुक्त बनाना है। अपराधी को कोई मैसेज नहीं, उस पर कार्रवाई होगी। मंगलवार को डीजीपी ने कहा कि अमन साहू मारा गया और एक हमारा जवान भी घायल हुआ है। मैंने एटीएस एसपी को पलामू भेजा है, मामले की जांच हो रही है, कैसे क्या हुआ? अमन साहू को पूछताछ के लिए नहीं लाया जा रहा था, उसे ट्रॉंजिट डिमांड पर लाया जा रहा था। एक केस में उसका रांची में ट्रायल होने



वाला था। वह इतना शातिर अपराध कर्मी था कि उसे ट्रांजिट रिमांड पर लाने के लिए साधारण पुलिस कर्मी की टीम को नहीं बल्कि एटीएस की टीम को भेजा गया था। डीजीपी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि झारखंड में अमन साव, विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और प्रिंस खान गिरोह सक्रिय है। इन सभी पर नकेल कसा जाएगा। झारखंड अपराध मुक्त राज्य हो, इसके लिए पुलिस अपना काम कर रही है।

### अमन साव के घर पर मातम का माहौल

झारखंड एटीएस के साथ हुए एनकाउंटर में मारे गए कुख्यात अपराधी अमन साव के घर पर मातम का माहौल है। रांची के बुढ़मू स्थित अमन के घर पर परिजन सदमे में हैं। अमन साहू के गांव मतवे में सन्नाटा पसरा हुआ है। अमन साव के एनकाउंटर में मारे जाने की सूचना परिजनों को मंगलवार सुबह दस बजे मिली। इसके बाद घर में परिजनों का विलाप शुरू हो गया। अमन के परिवार वालों के रोने की आवाज सुन कर ग्रामीणों को भी यह जानकारी मिली कि अमन पुलिस के साथ हुए एनकाउंटर में मारा गया है। अमन की मां अपने बेटे की मौत की खबर सुन कर बेसुध सी हो गई, जिसे रिश्तेदारों और गांव की अन्य महिलाओं ने संभाला। बेटे की मौत की खबर सुनकर अमन के पिता निरंजन साव और मां स्तब्ध थे। अमन के पिता का गांव में ही एक किराने की दुकान है। अमन के मारे जाने को लेकर उसके परिजनों ने किसी भी तरह की कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि अमन का बचपन रामगढ़ के पतरातू में बीता था। सालों पहले अमन का परिवार रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित गांव मतवे में आकर बस गया। अमन का एक भाई नौकरी करता है जबकि दूसरा भाई आकाश साहू टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद है।

## विधानसभा के गरम रहने के बाद भी नहीं रुक रहा बालू का काला कारोबार

# कोयल नदी की बहती धारा से दिनदहाड़े हो रहा बालू का अवैध खनन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान गढ़वा जिले में बालू के अवैध कारोबार का मुद्दा छाया हुआ है, फिर भी जिले में बालू का अवैध कारोबार थम नहीं रहा है। जिले के बेलचंपा में कोयल नदी की बहती धारा से दिन के उजाले में बेखौफ बालू का अवैध खनन और उठाव जारी है। बालू का अवैध खनन और उठाव का आरोप 200 करोड़ की लागत से शंखा से रेहला और गढ़वा शहर होते हुए खजूरी तक सड़क चौड़ीकरण कार्य कर रही शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी पर है। बालू उठाव के प्रतिबंध के बावजूद उक्त कंपनी सरेआम हैवी मशीन पोकलेन द्वारा कोयल नदी की बहती बीच धारा में बालू का अवैध खनन कर हाइवा से ढुलाई कर रही है। कंपनी इस अवैध कारनामें के दौरान नदी की प्राकृतिक धारा को मोड़कर यानी धारा में एक तरफ बदलाव कर अप्राकृतिक कार्य के साथ साथ पर्यावरण के साथ भी खिलवाड़ कर रही है।



> गलत कार्य पूरी तरह गलत होता है। सभी थानों को पहले से ही बालू उठाव पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। मामला संज्ञान में आया है जांचोपरांत समुचित कार्रवाई होगी।
>
> **शेखर जमुआर**
> **डीसी, गढ़वा**

### कानूनों की धज्जियां उड़ा रही कंपनी

पोकलेन से बीच धारा से बालू की अवैध निकासी में रिवर बेड को भी नुकसान पहुंच रहा है। तत्संबंधी साक्ष्य के तौर पर बंशीधर न्यूज के पास जीपीएस के साथ फोटो और वीडियो फुटेज उपलब्ध हैं। बालू का अवैध खनन कर कंपनी तमाम कायदे कानूनों की धज्जियां उड़ा रही है। यह कार्य गढ़वा-पलामू को जोड़ने वाले कोयल नदी पर निर्मित पुराने पुल की तलहटी के पास किया जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक नियमानुसार किसी पुल के 500 मीटर के दायरे में खनन कार्य का कोई प्रावधान नहीं है। वैसे बंदोबस्त बालू घाट जहां से सरकार को घाट धारक से राजस्व मिलता है, वहां भी घाट धारक न तो नदी की धारा में एकतरफा बदलाव कर सकता है और न ही पुल-पुलिया जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र से बालू की निकासी कर सकता है। लेकिन शिवालया कंपनी अनाधिकृत रूप से नदी की प्राकृतिक धारा व पर्यावरण के साथ साथ पुराने पुल को क्षति पहुंचाने का कार्य कर रही है।

> आपसे सूचना मिली है। सत्यापन कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **राजेन्द्र उरांव**
> **डीएमओ, गढ़वा**

### गरीबों को घर के लिए बालू नसीब नहीं : मुखिया प्रतिनिधि

गरीबों को घर बनाने के लिए बालू नसीब नहीं है। अवैध बालू काफी उंचे दाम पर मिल रहा है। सड़क चौड़ीकरण कार्य करा रही कंपनी नियम कानून को धत्ता बताते हुए नदी से बालू का जमकर दोहन कर रही है। बेलचंपा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सोनल पासवान बताते हैं कि पंचायत क्षेत्र में गरीबों को एक छटांक बालू नहीं मिल रहा है। शिवालया कंपनी पोकलेन से नदी की बीच धार से बालू का अवैध खनन कर रही है।

### हाईकोर्ट के आदेश की हो रही अवहेलना : पंकज यादव

पलामू प्रमंडल में अवैध खनन के विरुद्ध हाईकोर्ट में पीआईएल दायर करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता पंकज यादव ने कहा कि नदी से बालू का अवैध खनन कर हाईकोर्ट के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। अवैध खनन मामले में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से घर निर्माण के लिए बालू ले जा रहे छोटे वाहनों को पकड़कर कोर्ट में कहा जाता है कि प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट में अगली सुनवाई के दौरान इस मामले में प्रशासन एवं कंपनी को कोर्ट में घसीटेंगे। श्री यादव ने ट्विटर हैंडल एक्स पर ट्वीट कर सीएम हेमंत सोरेन, डीसी गढ़वा एवं गढ़वा पुलिस से तत्काल इस मामले में संज्ञान लेकर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। बेलचंपा निवासी अतुल प्रताप गजेंद्र ने भी एक ट्विटर हैंडल एक्स पर ट्वीट कर प्रशासन से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### कंपनी के अधिकारियों से नहीं हो पायी बात

इस मामले में शिवालय कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञान प्रकाश शुक्ला से उनके मोबाइल नंबर 7004922062 पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। परंतु कॉल फॉरवर्ड होने के कारण उनसे संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

# कांडी के सुंडीपुर में महिला पर गोली चलाने के आरोप में तीन गिरफ्तार




बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** जिले के कांडी थाना क्षेत्र के सुंडीपुर गांव में सिगरेट मांगने को लेकर महिला दुकानदार लालो देवी पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हैदर नगर थाना क्षेत्र के कोरियाडीह गांव निवासी मंटू विश्वकर्मा, अमन कुमार विश्वकर्मा और पनसा गांव निवासी संदीप कुमार चंद्रवंशी के पास एक देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और लालो देवी के बेटी से लूटे गये सैमसंग मोबाईल को जब्त किया है। उक्त जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मंगलवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। एसपी श्री पांडेय ने बताया कि सोमवार की शाम 5 बजे संदीप और मंटू सुंडीपुर गांव निवासी रामदास चौधरी के दुकान पर पहुंचे। दुकान पर उस समय रामदास की पत्नी लालो देवी थी। संदीप और लालो देवी के बीच सिगरेट मांगने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतनी बढ़ गई की आस पास के लोग एकत्रित हो गये। उसके बाद संदीप और अमन वहां से भाग गये। कुछ देर बाद संदीप, अमन और मानती विश्वकर्मा तीनों दुकान पर पहुंचे और लालो देवी पर फायरिंग कर दिया। उसी दौरान लालो देवी की बेटी रंजू देवी का सैमसंग का मोबाईल भी लुट लिया। उक्त मामले में लालो देवी ने कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था। उसके आलोक में एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम उसके गांव के बगल के नदी से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि अमन और संदीप का अपराधिक इतिहास है। उक्त दोनों पहले भी हत्या, लुट और बलात्कार के अलग अलग मामले में जेल जा चुका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ नीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, कांडी थाना प्रभारी अविनाश राज, पुलिस अवर निरीक्षक विद्या सागर प्रसाद सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### 350 किलो जावा महुआ नष्ट

**मझिआंव :** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरपुरवा, गहेड़ी एवं खरसोता गांव के लगभग डेढ़ दर्जन घरों में सोमवार की शाम अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी की गई। जिसमें लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट किया गया और लोगों को चेतावनी देखकर छोड़ गया। मंगलवार को बाजार क्षेत्र में पटाखा को लेकर विभिन्न दुकानों में छापेमारी की गई। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व में एसआई संजय मुंडा, नसीम अंसारी, एएसआई विद्याधर मछुआ एवं पुलिस बल के द्वारा किया गया। जानकारी देते हुये पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी में लगभग 350 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट किया गया है। सभी को चेतावनी दिया गया। अगर दोबारा पकड़े जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पटाखा दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुये कहा गया कि बिना लाईसेंस के पटाखा बिक्री नहीं करना है अन्यथा अगर पकड़े जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### पटाखा बिक्री पर चला अभियान

**रमना :** गढ़वा जिले के गोदरमाना में पटाखे की दुकान में लगी आग से दम घुटने के कारण पांच लोगों की मौत के बाद जिला प्रशासन पटाखा की खरीद, बिक्री और भंडारण पर गंभीर हो गई है। जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देश के बाद सीओ विकास कुमार पांडेय एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने मंगलवार को रमना के मुख्य पथ के दुकानदारों के साथ बाजार एवं गली मोहल्ला के दुकानों में डोर टू डोर जाकर पटाखा बिक्री की जानकारी ली। इस दौरान सीओ विकास कुमार पांडेय एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने दुकानदारों को कहा कि जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गढ़वा जिले में बिना वैध अनुज्ञप्ति के पटाखा का निर्माण, भंडारण एवं खरीद-बिक्री पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

## गढ़वा — निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# 145 मरीजों की जांच

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** जिले के रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित रमना हेल्थ केयर सेंटर के प्रांगण में भव्य निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना था, जो आर्थिक तंगी के कारण समय पर अपना इलाज नहीं करा पाते हैं। शिविर में दूर-दराज के गांवों से आये कुल 145 मरीजों की निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यकतानुसार मुफ्त दवा दी गई। शिविर के सफल आयोजन को लेकर हेल्थ सेंटर के संचालक शेखर सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के वैसे लोग जो पैसे के अभाव में अपनी बीमारी का सही इलाज नहीं करा पाते हैं, उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि रमना हेल्थ केयर सेंटर हमेशा समाज के गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के लिये कार्यरत रहा है और भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इनमें डॉ मनीष कुमार सिंह, डॉ अभिषेक बहादुर सिंह, डॉ नितेश भारती, डॉ पी कश्मूर राव तथा महिला रोग विशेषज्ञ डॉ ब्यूटी सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहीं। शिविर के दौरान हड्डी रोग से संबंधित मरीजों के लिए एक विशेष जांच सुविधा कृ बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) टेस्ट भी उपलब्ध कराई गई। इस परीक्षण के माध्यम से मरीजों की हड्डियों की मजबूती और घनत्व की जांच की गई, ताकि यह पता चल सके कि मरीज हड्डियों से संबंधित किसी गंभीर समस्या से ग्रस्त हैं या नहीं। इस संबंध में डॉ नितेश भारती ने बताया कि बीएमडी टेस्ट हड्डियों के घनत्व और मजबूती को मापने के लिये किया जाता है। इसे ड्यूल-एनर्जी एक्स-रे एब्जॉर्पटियोमेट्री या बोन डेंसिटोमेट्री भी कहा जाता है। यह जांच हड्डियों में कमजोरी, ऑस्टियोपोरोसिस, फ्रैक्चर के जोखिम और अन्य हड्डी संबंधी बीमारियों का शीघ्र पता लगाने में मददगार साबित होती है। हेल्थ केयर सेंटर के संचालक शेखर सिंह ने बताया कि उनकी प्राथमिकता यह है कि गांव के दूर-दराज इलाकों के गरीब और वंचित लोग भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, यही उनका लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किये जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब और जरूरतमंद लोग स्वस्थ और निरोग जीवन जी सकें। उन्होंने सभी चिकित्सकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने निःस्वार्थ सेवा भावना के साथ मरीजों का इलाज किया।

## रिकॉर्ड रूम होगा समृद्ध, संधारित करना सुनिचित करें सीओ : डीसी

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** पलामू जिले का रिकॉर्ड रूम समद्ध किया जायेगा। इसे लेकर संबंधित पदाधिकारी सक्रियता से पहल शुरू करें। अंचल कार्यालय एवं रिकॉर्ड रूम में रखे गये खतियान का मिलान होगा। जीर्ण-शीर्ण खतियान होने की स्थिति में रैयतगणों से अपील कर उनके पास सुरक्षित खतियान की कॉपी लेने का कार्य होगा। ताकि राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। उक्त बातें डीसी शशि रंजन ने राजस्व संबंधी कार्यो की समीक्षा के दौरान कही। समाहरणालय सभागार में जिले के अंचल अधिकारियों, राजस्व उप निरीक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक में उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को रिकॉर्ड संधारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खतियान की एक कॉपी अंचल कार्यालय में रखना सुनिश्चित करें। वहीं अपर समाहर्ता एवं रिकॉर्ड रूम में भी खतियान की कॉपी का मिलान करते हुये रखवाना सुनिश्चितत करें, ताकि आम रैयतगणों को सुविधा हो। उन्होंने अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भूमि की वंदोवस्ती का डेटा बेस तैयार करने, पंजियों/रजिस्टर का ज्ञान रखने, पंजियों का संधारण करने का निदेश दिया। साथ ही अपर समाहर्ता को इससे संबंधित पीपीटी तैयार कर सभी को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। डीसी ने कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि शिकायत मिली तो कार्रवाई की जायेगी। वहीं सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निदेश दिया, ताकि सड़क जाम की समस्या से लोगों को निजात मिले। उन्होंने आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर विधि व्यवस्था संधारण में तत्परता बरतने का भी निर्देश दिया।

## कार्यशाला में परिवार नियोजन के विधियों की दी गई जानकारी



**विश्रामपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीएचसी के सभागार में एक दिनी कार्यशाला का आयोजन किया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता व एमपी डब्ल्यू मिथिलेश दुबे के संचालन में आयोजित कार्यशाला में लोगों को परियार नियोजन से होने वाले लाभ के सम्बंध में बताया गया। परिवार नियोजन की विधि के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि छोटा परिवार ही सुखी परिवार का मूल मंत्र है। सभी नव दंपतियों को परिवार नियोजन का अस्थाई विधि अपनाना चाहिये। जिन दंपतियों को दो या उससे अधिक बच्चे हैं उन्हें अस्थाई व स्थाई दोनों में से कोई विधि जरूर अपनाना चाहिये। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों नव दंपतियों व एक बच्चे वाली महिलाओं को किचन किट उपहार स्वरूप दिया गया। इसके अलावा परिवार नियोजन के अस्थाई विधि का सामग्री किट भी वितरित किया गया। मौके पर बीपीएम पंकज पांडेय, बैम मृगेंद्र सिंह, बीडीएम रविरंजन कुमार, एमटीएस पंकज कुमार सहित कई स्वास्थ्यकर्मी व दंपति मौजूद थे।

## कुलपति डॉ डीके सिंह ने जनता शिवरात्रि महाविद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**मेदिनीनगर :** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ डीके सिंह ने जनता शिवरात्रि महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ बैठक की जिसमे महाविद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर विभिन्न छात्र संगठन के प्रतिनिधियों ने भी कुलपति का महाविद्यालय में स्वागत किया एवं महाविद्यालय से सम्बंधित कई विषयो पर ध्यान आकर्षित किया। आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कुलपति का ध्यान महाविद्यालय की चारदीवारी, महाविद्यालय में पानी की कमी, पुराने बिल्डिंग के जर्जर होने एवं शिक्षकों और कर्मचारियों की कमी पर आकर्षित कराया। कुलपति ने सभी विषयों को धयान से सुनते हुये सभी पर जल्द कार्यवाही की बात कही। उन्होंने कहा की महाविद्यालय को आगे बढ़ाने में सभी की भूमिका होनी चाहिये मै जल्द से जल्द सभी विषयो पर जल्द पहल करूंगा। पानी की समस्या हर जगह है इसको लेकर मैंने एक टीम को बुलाने का निर्णय लिया है जो की सभी महाविद्यालय में जांच कर इसकी वैकल्पिक व्यस्था की जानकारी देगी जिसपर कार्य किया जायेगा। कुलपति ने खुद सभी के साथ महाविद्यालय का निरीक्षण किया और कई विषयो पर प्राचार्य को कार्य करने को कहा। मौके पर कुलपति ने महाविद्यालय में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर भी ध्यान आकर्षित किया और इसे और बेहतर रूप से सजाने का आश्वासन दिया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी के साथ साथ विभिन्न छात्र संगठन के लोग मौजूद थे।

## होलिका दहन 13 एवं होली 15 को



**श्री बंशीधर नगर :** आचार्य पं. श्रीकांत मिश्र ने कहा है कि शास्त्रीय विधि विधान के अनुसार इस वर्ष होली 15 मार्च 2025 दिन शनिवार को है। इसलिए श्री बंशीधर नगर में इस वर्ष होली 15 मार्च को ही मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को चतुर्दशी 10:02 मिनट पर समाप्त होकर पूर्णिमा हो रहा है, जो 14 मार्च को दोपहर 11:11 तक रहेगा। 14 को मध्याह्न तक पूर्णिमा होने से होली का पर्व 15 मार्च को मनाना ही शास्त्रसम्मत है। उन्होंने बताया कि होलिका दहन 13 मार्च दिन गुरुवार रात्रि 10:37 के बाद एवं होलिका भस्मधारण धुलेंडी 15 मार्च दिन शनिवार दोपहर 12:48 तक संपन्न होगा।

## ऐसे हालात में इलाज करना मुश्किल : डॉ ज्योतिष

**हुसैनाबाद :** चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडल के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा ठप रही। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया और दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की। स्वास्थ्य कर्मियों ने सरकार से चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करने और दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ज्योतिष कुमार ने कहा कि आये दिन चिकित्सक और कर्मियों पर हमले हो रहे हैं। इस परिस्थिति में मरीजों का इलाज करना काफी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के मरीज पहले नीम-हकीम के पास इलाज कराते हैं। स्थिति बिगड़ जाने के बाद उन्हें सरकारी अस्पताल भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को नीम-हकीम के झांसे में नहीं आना चाहिये। चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पीएन सिंह ने कहा कि सोमवार की घटना काफी निंदनीय है।

## पैसा नहीं है तो गरीब बेसहारा का कोई सुनने वाला नहीं है : रंभा कुंवर

# विधवा एक वर्ष से आवास के लिये काट रही चक्कर

बलराम शर्मा



**मेराल :** प्रखंड के गोंदा पंचायत अंतर्गत लातदाग गांव के ठेकहा टोला की एक विधवा महिला अबुआ आवास के लिये एक वर्ष से प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही है। दो मासूम बच्चों की बेसहारा मां इसलिये दर-दर भटक रही है कि उसके पास सरकारी काम कराने के लिये पैसे नहीं है। विधवा महिला अपने बच्चों के साथ दर्जनों बार प्रखंड कार्यालय आती रही परंतु संबंधित विभाग के कोई भी अधिकारी कर्मचारी उसका सुध नहीं ली। मंगलवार को पुनः प्रखंड कार्यालय पहुंची ठेकहा टोला निवासी रंभा कुंवर पति स्वर्गीय सुनील राम ने बताया कि अबुआ आवास के लिये एक साल से बीडीओ, मुखिया, पंचायत सचिव, आवास कोऑर्डिनेटर के पास गुहार लगा रही है लेकिन अभी तक अबुआ आवास के लिये केवल आश्वासन मिल रहा है। जबकि वरीयता सूची में अनुसूचित जाति कैटेगरी के सीरियल नंबर 23 पर मेरा नाम अंकित है। जबकि हमसे नीचे वाले सीरियल नंबर के लोगों को आवास का लाभ पहले ही दिया गया है। विधवा महिला रंभा कुंवर ने बताया कि मेरा पति का कुछ दिन पूर्व ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई है। उसके बाद से घर का माली हालत काफी दयनीय हो गया है, दो मासूम बच्चे को लेकर भरण पोषण करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कच्चा का जर्जर मकान में किसी तरह दिन गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि दयनीय स्थिति के चलते मैं पैसा नहीं दे पा रही हूं जिसके चलते मुझे अबुआ आवास अभी तक नहीं हो पाया है। न्याय की आस लगाये दर-दर भटक रही हूं। इस संबंध में बीडीओ सतीश भगत से पूछे जाने पर कहा कि वह विधवा महिला मेरे पास भी आई थी, उसके मामले को देखकर आवास का लाभ दिया जायेगा।



# रमना में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**बंशीधर न्यूज**

**रमना :** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा एवं कृषि विभाग गढ़वा के तत्वावधान में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन प्रखंड कार्यालय के परिसर में किया गया। उक्त आयोजन में रमना प्रखंड, बंशीधर नगर, मेराल, विशुनपुरा के किसान अपने फसलों के साथ मेला में शामिल हुये। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप निदेशक आत्मा योगेंद्र नाथ सिंह, सीओ विकास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, उप प्रमुख खजीदा बीबी, झामुमो कार्यकर्ता रोहित वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर शांति देवी ने कहा कि सरकार कृषि और किसानों पर मेहरबान है। कृषि और किसानों के विकास से ही देश का विकास संभव है। कृषि और किसानों के लिये सरकार कई प्रकार की योजनाएं संचालित कर रही है। कुछ किसान सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक समृद्धि की गाथा लिख रहे हैं। किसान अपने अपने प्रखंडों के बीटीएम, कृषि पदाधिकारी से कृषि और किसानों की हित की योजनाओं की जानकारी लेकर आधुनिक तरीके से फसलों का उत्पादन करें ताकि गांव समृद्ध हो सकें। मौके पर योगेंद्र नाथ सिंह, बीटीएम रंजीत कुमार, प्रभात कुमार, अजीत कुमार, रोहित वर्मा आदि ने भी संबोधित किया। अंत में भागोडीह के किसान राजेश्वर चौधरी, आश कुमार चौधरी तथा मंगरा के किसान बालेश्वर मेहता को फसल के उत्कृष्ट उत्पादन को लेकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर श्री बंशीधर नगर के बीटीएम विजय कुमार, मेराल के प्रवीण कुमार सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सेविका चयन रद्द करने की मांग

**धुरकी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडार गांव के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 0223, खाड़ टोला भंडार गांव में सेविका के लिये सोमवार को रिजवाना खातून को सेविका के रूप में चयन किया गया था। लेकिन एक दिन बाद तुरंत विरोध होना शुरू हो गया। दरअसल सेविका चयन में कुल तीन उम्मीदवार थे, जिसमें फूलकुमारी देवी का प्राप्त अंक 14, रिजवाना खातून का प्राप्त अंक 21 तथा पूजा कुमारी का भी प्राप्त अंक 21 वहीं पूजा कुमारी पिछले 5 वर्षों से जेएसएलपीएस में सीआरपी ईपी के पद का कार्य अनुभव भी प्राप्त है बराबर अंक होने पर मैट्रिक से चयन किया गया। उम्मीदवार ने मांग किया है कि बराबर अंक आने पर प्रतियोगिता परीक्षा लिखित ग्राम सभा में लेकर चयन किया जाय, क्योंकि शिक्षा व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बाल विकास परियोजना धुरकी तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और डीसी गढ़वा को आवेदन देकर चुनाव रद्द कर पुनः लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से चुनाव कराने की मांग की है। सेविका चयन में बीडीओ सह सीओ सह सीडीपीओ प्रभारी जुल्फिकार अंसारी, महिला पर्यवेक्षिका गुंजन कुमारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थी।

**महोत्सव** डीसी एसपी ने अधिकारियों के साथ तैयारियों का लिया जायजा

# बंशीधर महोत्सव की प्रशासनिक तैयारी शुरू

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** राजकीय बंशीधर महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी शुरू हो गई है। बंशीधर महोत्सव का आयोजन 19 एवं 20 मार्च को होना है। डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय जिले के कई आला अधिकारियों के साथ मंगलवार को तैयारियों का जायजा लेने के लिये श्री बंशीधर नगर पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्य समारोह स्थल गोसाईंबाग मैदान, श्री बंशीधर मंदिर और अनुमंडल मैदान स्थित हेलीपैड का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के बाद डीसी ने बताया कि राजकीय महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारी युद्धस्तर पर की जा रही है। महोत्सव को भव्य बनाने के लिये एक एक बिंदु पर चर्चा कर अंतिम रूप दिया जा रहा है। महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 मार्च को 12 बजे दिन में करेंगे। उद्घाटन के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बंशीधर मंदिर जाकर पूजन अर्चन भी करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बॉलीवुड, भोजपुरी के अलावे कई स्थानीय कलाकार कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। डीसी ने बताया कि वृहद प्रचार-प्रसार करने, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त कराने, सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग, मंदिर और शहर की सजावट सहित अन्य विषयों पर कई निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को बैठने के लिये 10 हजार कुर्सियों की व्यवस्था की जायेगी। वहीं एसपी दीपक पांडेय ने कहा महोत्सव के दौरान सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी रहेगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किये जाएंगे। ट्रैफिक को लेकर भी कई निर्णय लिये जायेंगे। निमार्णाधीन बाई पास रोड के जरिये बड़े वाहनों का परिचालन महोत्सव के दौरान हो इसके लिये भी काम किया जा रहा है। शहर में कई जगह बैरिकेटिंग किया जायेगा एवं कई जगह पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। इस दौरान एसी राज महेश्वरम, डीटीओ धीरज प्रकाश, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, डीपीएम विमलेश शुक्ल, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, सीओ विकास कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, नपं के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्र, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



## डीसी एसपी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक, युद्धस्तर पर कार्य करने का दिया निर्देश

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक पांडेय ने मंगलवार को राजकीय बंशीधर महोत्सव को लेकर पदाधिकारियों के साथ अनुमंडल कार्यालय में बैठक की। बैठक में डीसी ने महोत्सव को सफल बनाने के लिये पदाधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। हेलीपैड से मंदिर एवं मंदिर से आयोजन स्थल तक सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दी। बैठक में सुरक्षा को लेकर शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही गई। साथ ही बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों के जवानों के रहने और खाने की व्यवस्था करने सहित अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान डीसी एवं एसपी ने रूट चार्ट बनाने का निर्देश दिया। पार्किंग स्थलों की पहचान कर सूची उपलब्ध कराने की बात कही। मंदिर के रंग रोगन की भी समीक्षा की गई। आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में ग्रीन टॉयलेट की व्यवस्था करने का निर्देश नगर पंचायत को दिया गया। महोत्सव के दौरान निर्बाध बिजली के लिये बिजली विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में एसी राज महेश्वरम, डीटीओ धीरज प्रकाश, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, सीओ विकास कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार, नपं के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल मिश्र, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।



### मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने पर महिलाएं पहुंचीं प्रखंड कार्यालय



**कांडी :** प्रखंड कार्यालय कांडी में कई गांव की मंईयां सम्मान योजना की 7500 की राशि से वंचित सैकड़ो महिलाएं अपनी शिकायत लेकर मंगलवार को पहुंची लेकिन प्रखंड कार्यालय मे समस्या सुनने के लिये भी कोई तैयार नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पीएलवी राम नरेश मेहता को महिलाओं ने बताया कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की एकमुस्त तीन किस्त 7500 रुपए 08 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ही झारखंड राज्य के गढ़वा समेत कई जिलों के लाभुकों के खाते में भेज दिया गया। परन्तु योग्य लाभूक होने के बावजूद इन लोगों को पैसें नहीं मिले। जबकि इनके आस-पड़ोस के महिलाओ को योजना के एकमुस्त 7500 रुपए की राशि 08 और 09 मार्च को ही मिल चुका है। प्रखंड कार्यालय आने पर भी कोई जानकारी नहीं मिल रहा है। पीएलवी राम नरेश मेहता, पीएलवी परशु राम, कृष्णा यादव और नवनीत कुमार दुबे ने बताया की होली तक सभी उचित लाभुकों को पैसे देने के लिये सरकार द्वारा दी जायेगी। मौके पर आशा देवी, नीलम देवी, सविता देवी, दुर्गा देवी, सरस्वती देवी, कौशल्या देवी, सविता देवी, कविता देवी, तारा देवी, सोनम देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थी।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार के किया लिट्रेसी कैंप का आयोजन



**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में मंगलवार को मध्य विद्यालय पिपरा कला गढ़वा परिसर में लीगल लिट्रेसी कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 7, 8 के छात्र और छात्राओं को कानून के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीएलवी रमाशंकर चौबे ने मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत मिलने वाली स्पॉन्सरशिप योजना के विषय में जानकारी दी। पीएलवी सुधीर चौबे ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन एवं कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महिलाओं की साक्षरता दर, हिट एंड रन और असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे मजदूरों को श्रमाधान पर अपना निबंधन करवाने से संबंधित जानकारी दी। मौके पर सहायक शिक्षिका समेत काफी संख्या में स्कूल के बच्चे उपस्थित थे।

### अपराधियों ने हाईवा और पोकलेन को फूंका

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में संदिग्ध लोगों ने दो ट्रक और एक पोकलेन को फूंक दिया है। ट्रक और पोकलेन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुये थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। घटना सोमवार रात करीब 8 बजे की है। जानकारी के अनुसार हरिहरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर इलाके में कुछ संदिग्ध लोग पहुंचे और सड़क निर्माण कार्य में लगे ट्रक और पोकलेन में मौजूद मजदूरों को धमकाया और बाद में आग लगा दी। हरिहरगंज के भगत तेंदुआ से ढाब इलाके तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी फरार हो गये। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि करते हुये कहा कि पता लगाया जा रहा है कि घटना के पीछे कौन है। पुलिस मामले के सभी एंगल पर जांच कर रही है।

## थाना प्रभारी उपेन्द्र ने एक दशक से पुराने विवाद का किया निपटारा

# सगमा के थानेदार ने वृद्ध महिला को किया सम्मानित

**बंशीधर न्यूज**

**सगमा :** थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की एक बार फिर अनोठी पहल सामने आई है। थाना प्रभारी के धुरकी थाने में योगदान के बाद आपराधिक घटनाओं, अवैध कारोबार, विवादों का निपटारा, असहाय लड़कियों के शादी में मदद करना, घरेलू विवादों को लेकर घर जाकर निपटारा करना सहित अन्य ऐसे नेक कार्यों से थाना प्रभारी ने लोगों का दिल जीत लिया है। थाना क्षेत्र के लोगों ने थाना प्रभारी के ऐसे कार्यों से जमकर ग्रामीण क्षेत्रों मे प्रशंसा कर रही है। एक ओर जहां पुलिस के प्रति लोगों को नकारात्मक मानसिकता रहती थी, वहीं धुरकी थाना प्रभारी के कुशल कार्यों ने उन सभी मानसिकता को गलत साबित किया है। दरअसल घघरी गांव निवासी पूनम कुंवर (पति स्व महेश यादव) ने अपने भसूर रामकिशोर यादव के विरुद्ध जमीन हिस्सेदारी में बंटवारा को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप थाने में आवेदन देकर लगाई थी। जिसमें थाना प्रभारी ने मामले की जांच की और थाना बुलाकर दोनों लोगों को विवादों से निपटारा कराया। वही रामकिशोर यादव ने विवादित जमीन बंटवारे में पूनम कुंवर को बराबर का हिस्सा देने की बात कही। साथ ही भविष्य में लड़ाई झगड़ा नहीं करने का निर्णय लिया। वही थाना कार्यालय में साथ में आएं पूनम कुंवर के सास वृद्ध महिला सरस्वती कुंवर को थाना प्रभारी ने मिठाई खिलाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना कार्यालय में आने वाले सभी आगंतुकों का सम्मान के साथ मानवता का परिचय देनी चाहिये, जिससे समाज में एक नई पहचान मिलती है। उन्होंने कहा कि मेरा सोच सिर्फ ड्यूटी करना नहीं है बल्कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुये लोगों की समस्या का निपटारा कर उनकी सेवा करना भी है। मौके पर पूर्व मुखिया लक्ष्मण यादव, इंद्रमणि जायसवाल, शैलेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।



# खाद्यान्न गबन के आरोपी पर गिरी गाज, डीसी ने किया निलंबित

**बलराम शर्मा**

**मेराल :** प्रखंड परिसर स्थित एफसीआई के गोदाम से 2765.84.862 क्विंटल खाद्यान्न (चावल, गेहूं) गायब होने के मामले में सहायक गोदाम प्रबंधक दीपक चंचल की मुश्किलें बढ़ गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद डीसी शेखर जमुआर ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से खाद्यान्न गबन के आरोपी दीपक चंचल को निलंबित कर दिया है। साथ ही प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं कार्यहित में स्थानीय व्यवस्था के तहत जन सेवक बसंत कुमार पांडेय को मेराल के सहायक गोदाम प्रबंधक के रूप में कार्य करने के लिये प्राधिकृत किया है। समाहरणालय आपूर्ति शाखा से निर्गत आदेश के अनुसार निलंबित दीपक चंचल को 24 घंटा के अंदर सहायक गोदाम प्रबंधक से संबंधित संपूर्ण प्रभार देने का निर्देश दिया गया है। आदेश की प्रतिलिपि संबंधित सभी अधिकारियों को भी अनुपालन के लिये भेजा गया है।





## बिग बी ने अयोध्या में खरीदी नई जमीन, बनवाएंगे हरिवंश राय बच्चन का स्मारक

भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के बाद अयोध्या अब आस्था और पर्यटन का केंद्र बन गया है। दुनियाभर से श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए यहां पहुंच रहे हैं। बॉलीवुड सेलेब्रिटीज भी इस पवित्र स्थल की ओर आकर्षित हो रहे हैं। राम मंदिर उद्घाटन के दौरान फिल्म इंडस्ट्री की कई बड़ी हस्तियां अयोध्या पहुंची थीं। अमिताभ बच्चन ने भी अयोध्या में एक जमीन खरीदी है। वह अपने पिता हरिवंश राय बच्चन की याद में यहां कुछ खास बनाने की योजना बना रहे हैं। पिता की याद में बिग बी करेंगे ये खास कामअमिताभ बच्चन ने पिछले साल यानी 2024 में अयोध्या में 14.5 करोड़ रुपये में जमीन खरीदी थी। अब उसके बाद उन्होंने फिर से अयोध्या में जमीन का एक टुकड़ा खरीदा है। ये जमीन अयोध्या के राम मंदिर से 10 किलोमीटर की दूरी पर है। जमीन का सौदा अमिताभ के पिता हरिवंश राय बच्चन के नाम पर ट्रस्ट की ओर से किया गया है।

## 'अर्जुन उस्तारा' में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी पहली बार साथ नजर आएंगे



प्रसिद्ध निर्देशक विशाल भारद्वाज और अभिनेता शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। इससे पहले दोनों 'कमीने', 'हैदर' और 'रंगून' जैसी शानदार फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं, जिन्हें दर्शकों से खूब सराहना मिली थी। अब दोनों 'अर्जुन उस्तारा' में साथ आ रहे हैं, जिसे साजिद नाडियाडवाला प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में विशाल भारद्वाज ने फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट साझा किया है। आइए जानते हैं कि उन्होंने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म के बारे में क्या कहा। एक हालिया इंटरव्यू में निर्देशक विशाल भारद्वाज ने बताया कि 'अर्जुन उस्तारा' की शूटिंग जोरों पर चल रही है। उन्होंने कहा, मैं और शाहिद एक बार फिर साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग शानदार तरीके से आगे बढ़ रही है। विशाल ने तृप्ति डिमरी और नाना पाटेकर की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, तृप्ति एक बेहद प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं और उनके साथ काम करना शानदार अनुभव है। नाना पाटेकर के साथ यह मेरा पहला प्रोजेक्ट है और अब मैं सोच रहा हूं कि मैंने पहले उनके साथ काम क्यों नहीं किया! पिछले साल फिल्म की घोषणा करते हुए निर्देशक विशाल भारद्वाज ने कहा था, मैं एक बार फिर अपने प्रिय मित्र और शानदार निमार्ता साजिद नाडियाडवाला के साथ काम करने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। शाहिद और तृप्ति का इस फिल्म का हिस्सा बनना वाकई खुशी की बात है।

## झारखंड विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



# बजट सत्र : राजस्व विभाग का 7.58 अरब की अनुदान मांग स्वीकृत

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान मंगलवार को भोजनावकाश के बाद राजस्व निबंधन और भूमि सुधार विभाग का 07 अरब, 58 करोड़, 97 लाख, 31 हजार रुपये की अनुदान मांग की स्वीकृति दी गई। इस दौरान विपक्ष सदन से अनुपस्थित रहा। इसलिए विपक्ष की ओर से लाया गया कटौती प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया गया। विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर कटौती प्रस्ताव को विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने रखा था।



### भूमि के व्यावसायिक उपयोग पर सरकार लगाएगी टैक्स

विभागीय मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि राज्य सरकार भूमि का व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सही है कि राज्यों में दाखिल-खारिज कराने को लेकर समस्याएं हो रही हैं। इसे लेकर विभाग की ओर से अधिकारियों को कहा गया है कि दाखिल-खारिज का यदि कोई मामला का रिजेक्ट किया जाता है तो उस पर 50 शब्दों की टिप्पणी जरूर दें।

### जीएम लैंड को किया जाएगा लैंड बैंक से बाहर

मंत्री ने कहा कि राज्य में पेसा कानून के तहत जमीन को संरक्षित करने का प्रयास राज?य सरकार कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण कानून के तहत प्रावधान था कि यदि कोई उद्योगपति अधिग्रहित जमीन का उपयोग नहीं करता है तो पांच वर्षों के भीतर उसे रैयत को लौटाने का प्रावधान था, जबकि भाजपा शासन के दौरान इस जमीन को भी लैंड बैंक में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के गोचर जमीन और गैरमजरूआ जमीन को लैंड बैंक में डाला गया है। इस जमीन को राज्यर सरकार लैंड बैंक से बाहर करने का प्रयास करेगी।

### 13 सीमावर्ती जिलों में बनेंगे चेक पोस्ट

मंत्री ने कहा कि सरकार सीमावर्ती 13 जिलों में चेक पोस्ट बनाएगी। इससे सरकार को एक हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। वहीं मंत्री ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में हुई वृद्धि पर कहा कि सरकार सड़क सुरक्षा को स्कूलों की पाठ्य पुस्तकों में शामिल करेगी। ताकि अधिक से अधिक लोग इसे लेकर जागरूक हो सकें।

## रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति : मंत्री इरफान अंसारी

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुलाकर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डॉक्टर अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया।

### हजारों एकड़ भूमि फ्री होल्ड होगी : बिरुवा

भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जाएगा।

## कानून को चुनौती देने वाले का यही हश्र होगा : बाबूलाल

**रांची।** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मंगलवार



को मुठभेड़ में मारा गया। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस की ओर से एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए। वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस मामले में सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि डीजीपी पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि जेल से सबकुछ संचालित हो रहा है तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। आप अमन साव को कस्टडी में ला रहे थे तो फिर एनकाउंटर की बात कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि सीबीआई से मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अमन साव को सुरक्षा में ला रहे थे। आप उसे पकड़ने नहीं गये थे। जब कोई क्राइम करके दौड़ के जाता है और तब उसको मारा जाता है तो उसे एनकाउंटर कह सकते हैं।

Hit लिस्ट

## 10 हजार रुपये घूस लेते एएसआई गिरफ्तार

**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के गांधीनगर ओपी थाना में पदस्थापित एएसआई अजय प्रसाद को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने



दस हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी अनुराग गुप्ता ने धनबाद एसीबी में शिकायत दर्ज कराई थी कि एएसआई अजय प्रसाद ने उन्हें मुकदमे में नाम हटाने को लेकर और मामले को निपाटने की एवज में दस हजार रुपए रिश्वत की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की जांच की। जांच में आरोप सत्य पाया गया। इसके बाद एसीबी टीम ने कार्रवाई करते हुए योजना बनाई और जैसे ही अजय प्रसाद ने रिश्वत की रकम ली उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## 200 डे कैंसर केयर सेंटर खोलेगी सरकार

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार का लक्ष्य 2025-26 तक देश में 200 डे कैंसर केयर सेंटर



खोलने का है, जहां मरीजों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और अगले तीन सालों में सभी जिलों में ऐसे केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान सवालों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार राज्यों को तकनीकी और वित्तीय सहायता देकर स्वास्थ्य सेवा को किफायती, सुलभ और न्यायसंगत बनाने की कोशिश कर रही है। प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार राज्यों को तकनीकी और वित्तीय सहायता देकर स्वास्थ्य सेवा को किफायती, सुलभ और न्यायसंगत बनाने का प्रयास कर रही है।

### हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताबी मुकाबला

# हरियाणा और झारखंड आमने-सामने, सेफा में शानदार फार्म में दिखा हरियाणा

**पंचकूला।** हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 12 मार्च को शाम पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गत विजेता हॉकी हरियाणा की टीम हॉकी झारखंड से भिड़ेगी। गत विजेता हॉकी हरियाणा ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और चार मैचों में सिर्फ एक गोल ही गंवाया है। उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत हॉकी कर्नाटक को 5-1 से हराकर की थी, इसके बाद हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पर 3-0 की जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में हॉकी पंजाब के खिलाफ 1-0 से करीबी जीत के बाद



सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। कप्तान रानी अब तक टूर्नामेंट में तीन गोल कर चुकी हैं और टीम को खिताब बचाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

### झारखंड की संघर्षपूर्ण राह

हॉकी झारखंड ने भी दमदार शुरूआत की थी और पहले मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 9-2 से हराकर धमाकेदार एंट्री की। इसके बाद उन्होंने हॉकी मिजोरम और हॉकी मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। सेमीफाइनल में हॉकी महाराष्ट्र के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में कोई भी टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर सकी। मैच शूटआउट में पहुंचा, जहां हॉकी झारखंड ने 3-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस जीत में गोलकीपर अंजलि भींजिया ने अहम भूमिका निभाई और महाराष्ट्र के तीन खिलाड़ियों के प्रयासों को नाकाम कर दिया। अलबेला रानी टोप्पो अब तक चार गोल कर चुकी हैं और फाइनल में अपनी गोल संख्या बढ़ाने के इरादे से उतरेंगी।

### कोचों की प्रतिक्रिया

हॉकी हरियाणा के कोच आजाद मलिक ने कहा, ट्टूर्नामेंट की शुरूआत में कुछ चुनौतियां थीं, लेकिन टीम ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाया। हमारा लक्ष्य आक्रामक हॉकी खेलना है और फाइनल में भी यही रणनीति रहेगी। झारखंड की टीम मजबूत है, लेकिन हम खिताब बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)